# एकल संदेश

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
17वां संस्करण

## राष्ट्रीय महिला विभाग

अप्रैल - जून, 2024

Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)


## BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम



ग्राम संगठन एवं नगर संगठन के मध्य आपसी सामंजस्य स्थापित करने हेतु भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा 8 और 9 जून 2024 को

**"BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन"**

**BLSP की सशक्त टीम - मा. श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड) के नेतृत्व में -- श्री नीरज रायजादा जी (चेयरमैन), श्री अखिल कुमार गुप्ता जी (प्रधान) श्री राजीव अग्रवाल जी (महामंत्री), श्री सुनील गुप्ता जी (संयुक्त महामंत्री), श्री विजय कुमार गुप्ता जी (कोषाध्यक्ष), श्री बृजमोहन अग्रवाल जी (संयुक्त कोषाध्यक्ष) एवं सशक्त महिला टीम, एकल युवा टीम एवं सभी चैप्टर्स के समिति पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की सफलता में पूर्ण सहयोग मिला। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम संगठन एवं नगर संगठन के मध्य आपसी सामंजस्य स्थापित करना एवं एकरूपता लाना था। इसमें श्री दीप कुमार जी (केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख) ने अहम भूमिका निभाई।**

**मुख्य चर्चा हेतु उद्देश्य -**

- विद्यालय की गुणवत्ता हेतु - संपर्क, संगठन, समन्वय
- अंचल प्रभारी एवं अंचल समिति के मध्य समन्वय
- अंचल प्रभारी एवं अंचल समिति का दायित्व
- अंचल प्रभारी योजना का उद्देश्य एवं प्रभाव
- विद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट
- नगर एवं ग्राम संगठन में समरसता
- विद्यालय की नियमित एवं सकारात्मक रिपोर्टिंग
- अंचल की रिपोर्टिंग में गुणात्मक सुधार
- दूर-दराज एवं वनवासी गांव का समग्र विकास
- साक्षरता, आर्थिक विकास और सशक्तिकरण
- पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाना

समन्वय बैठक का आयोजन करने के लिए श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी ने भारत लोक शिक्षा परिषद् की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए समन्वय बहुत जरुरी है। विद्यालयों का स्वावलंबी होना बहुत जरुरी है, आज 9 संभाग के लोगों ने अलग - अलग ग्रुपों में बैठकर आपसी समन्वय, विद्यालय की गुणवत्ता, समस्याओं और उसके समाधान पर विस्तृत रूप से चर्चा की, मेरी नजर में इससे अच्छा समन्वय और कुछ नही हो सकता है। एकल के लिए यह मील का पत्थर अवश्य साबित होगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी हुई भारत लोक शिक्षा परिषद् की पूरी टीम एवं विशेष रूप से महिला विभाग की पूरी टीम की एकल के प्रति सेवा और समर्पण की भावना को देखकर श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी ने खूब सराहना की। सभी चैप्टर की बहनों द्वारा कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने अपना सम्पूर्ण योगदान दिया और एक माँ की भांति सभी कार्यकर्ताओं का ध्यान रखा।



**श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी**
**चेयरमैन, ट्रस्ट बोर्ड**



**माननीय आलोक कुमार**
**मा. सह सरकार्यवाह RSS एवं संपर्क अधिकारी, एकल अभियान**

माननीय आलोक कुमार जी ने प्रशंसा करते हुए कहा कि एकल को मजबूत करने के लिए जो यह एक सफल प्रयोग भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा किया गया है, इसके लिए पूरी BLSP टीम को बहुत- बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। जमीनी कार्यकर्ताओं का नगर एवं ग्राम संगठन के मध्य समन्वय संगठन को बहुत बल देगा और एकल के अन्य संगठन भी इससे प्रेरणा लेकर इसे आगे बढ़ाएंगे। विद्यालय अपना आधार है क्योंकि विद्यालय है तो आरोग्य है, विद्यालय है तो ग्रामोत्थान भी है, विद्यालय है तो संस्कार भी है, विद्यालय है तो जागरण भी है इसीलिए इसकी गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देने की जरुरत है। यह कार्य कठिन जरुर है लेकिन इससे बहुत सकारात्मक परिणाम निकलेंगे।

एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नियम बनाना तो आसान है लेकिन उसे जमीनी स्तर पर लागू करना बहुत कठिन है, जो कि बहुत जरुरी है। जब तक हम प्रत्येक व्यक्ति की जवाबदेही तय नहीं करेंगे तबतक हम अपने लक्ष्य को पूर्ण रूप से नही प्राप्त कर सकते हैं। BLSP द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम और प्रभारी योजना बहुत अच्छी पहल है, निश्चित रूप से इसका सकारात्मक प्रभाव संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगा। इस आयोजन के लिए उन्होंने भारत लोक शिक्षा परिषद् टीम को बधाईयां एवं शुभकामनाएं भी दीं।



**श्री राजेश गोयल जी**
**केंद्रीय अभियान प्रभारी, एकल अभियान**



**डॉ. ललन शर्मा जी**
**केंद्रीय अभियान प्रमुख एकल अभियान**

डॉ ललन शर्मा जी ने कहा कि संगठन को ऐसे कार्यकर्ताओं की जरुरत है जो अपना शत प्रतिशत योगदान दे सकें, जिससे संगठन के मूल उद्देश्यों को समय से पूर्ण किया जा सके। हमें अपने दायित्व का निर्वहन तन-मन-धन से करना होगा, हमें संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी ताकत लगाने की जरुरत है, तभी हम अपनी सभ्यता, संस्कृति और विरासत को बचा पाने में सफल हो पाएंगे।















# अंचल प्रभारी – दायित्व
# ( नगर संगठन से नियुक्त )

**संपर्क – समन्वय – संगठन – सशक्तिकरण**

- अंचल प्रभारी (नगर संगठन चैप्टर) एवं अंचल समिति (ग्राम संगठन) के मध्य समन्वय
- विद्यालय की गुणवत्ता सुनिश्चित करना
- दानदाताओं को विद्यालयों की नियमित प्रगति रिपोर्ट और तस्वीरों के साथ ग्राम विकास रिपोर्ट उपलब्ध कराना



# अंचल समिति – दायित्व
# ( ग्राम संगठन )

- अंचल एवं संच की बैठकों में भाग लेना
- अपने क्षेत्र में नियमित प्रवास करना
- विद्यालयों की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए प्रयास करना
- एकल पंचमुखी शिक्षा से आयी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराना
- आर्थिक अनुशासन को सुनिश्चित करना
- संच समिति एवं आचार्यों की नियुक्ति और संच कार्यकारिणी की सक्रियता बनाए रखना
- आत्मनिर्भर एकल के लक्ष्य की पूर्ति करना
- महिला, युवा एवं वनवासी समाज का समिति में प्रतिनिधित्व के लिए प्रयास करना
- अंचल समिति सदस्य, कार्यकर्ताओं के अभिभावक के रूप में काम करें

# अंचल प्रभारी योजना का प्रभाव

- नगर एवं ग्राम संगठन में समरसता
- एकल विद्यालय की गुणवत्ता में सुधार
- विद्यालय की नियमित एवं सकारात्मक रिपोर्टिंग से दानदाता में विश्वसनीयता में वृद्धि
- दूर दराज एवं वनवासी गांव का समग्र विकास, साक्षरता, आर्थिक विकास और सशक्तिकरण
- अंचल की  रिपोर्टिंग में गुणात्मक सुधार
- पंच मुखी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण




BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम में___
नगर संगठन की बहनों ने ग्राम संगठन की बहनों से मिलकर
ग्राम विद्यालयों के बारे में जाना-पहचाना और सब के साथ एक पारिवारिक प्रेम संबंध महसूस किया__



**श्रीमती साधना गुप्ता**
**प्रधान, महिला विभाग**
**उत्तरी दिल्ली चैप्टर**

भारत लोक शिक्षा द्वारा आयोजित समन्वय सम्मेलन में आए हुए सभी अतिथियों को अपने हाथों द्वारा भोजन परोसा गया, यह दृश्य कार्यक्रम के शीर्षक को सार्थक कर रहा था। यह देखकर ऐसा लग रहा था जैसे राम राज्य आ गया हो। नगर समिति के सभी सदस्य व ग्रामीण समिति के सभी सदस्य कार्यकर्ता के रूप में मिले। नगर और ग्राम का अनूठा समन्वय देखते ही बन रहा था। अंचल के सदस्यों ने इसी प्रकार गांव वासियों के साथ समय-समय पर मिलते रहने के लिए कार्यक्रम बनाने का आश्वासन दिया। **"चलो गांव की ओर हमें अब देश बनाना है"**
गांव का उत्थान ही हमारे देश का उत्थान है। यह कार्य करने का जुनून एकल के सभी कार्यकर्ताओं की आंखों में देखने को मिला। एकल के साथ जुड़कर मैं अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस करती हूँ।

मुझे BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन आयोजन में संभाग प्रमुख एवं सभी कार्यकर्ताओं से मिलने का अवसर मिला। इस बैठक के माध्यम से हमें ये जानने का मौका मिला कि कैसे हमारे एकल के कार्यकर्ता भाई-बहन इतने कठिन परिश्रम एवं ईमानदारी से अपना कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में हुई गटश: बैठक के माध्यम से सबने अपनी अपनी परेशानियाँ साँझा की। परस्पर विचार विमर्श करके नई योजनाएं बनाई गई एवं सभी का उत्साह देखकर मनोबल बढ़ाने का विश्वास भी मिला। हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में नई योजनाएं सफल रहेंगी



**श्रीमती बिंदु मित्तल**
**कोषाध्यक्ष, महिला विभाग,**
**उत्तरी दिल्ली चैप्टर**



**श्रीमती नीरू बंसल**
**कार्यकारी प्रधान**
**महिला विभाग, पूर्वी दिल्ली चैप्टर**

एकल प्रणाम, मुझे एकल से जुड़े इतना समय हो चुका है कि अब यह सिर्फ संस्था नहीं अपना परिवार लगता है। इसमें कार्य करने वाली सभी बहनें, कार्यकर्ता भाई सब एक ही परिवार का हिस्सा हैं। इसका अनुभव मुझे BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लेकर हुआ। जहाँ उन सभी कार्यकर्ता भाइयों और बहनों से मिलना हुआ, जिनके बारे में सिर्फ सुना था कि वह किन-किन कठिनायों में एकल के कार्य को करते हैं। यह बहुत ही सफल कार्यक्रम रहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, जिससे सभी से समय समय पर मिलना हो सके और उनकी परेशानियों को समझ कर उनको सुलझाने का प्रयास कर सकें।

एकल समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होना मेरा परम सौभाग्य था। सभी के स्वागत से लेकर रहने-खाने तक की व्यवस्था बहुत ही सुचारू रूप से की गई थी। सभी को बहुत अच्छा लगा। हर संभाग के प्रमुख, कार्यकर्ताओं एवं सभी सदस्यों से मिलकर अत्यन्त प्रसन्ता हुई। मीटिंग के दौरान सभी की समस्याओं और निवारण के लिए जो सुझाव समिति सदस्य द्वारा दिए गए, मैं उन सब से सहमत हूँ। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आयोजनकर्ताओं का ह्रदय से आभार व्यक्त करना चाहती हूँ और एकल के लिए किसी भी तरह की मदद के लिए मैं हमेशा तत्पर हूँ। धन्यवाद।



**श्रीमती रजनी चावला**
**चेयरपर्सन,**
**CSR महिला विभाग**



**CA सबीना वासुदेव**
**प्रधान, CSR महिला विभाग**

BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन का आयोजन काफी महत्वपूर्ण रहा, जिससे कि नगर संगठन तथा ग्राम संगठन के कार्यकर्ता आपस में बातचीत कर सकें, एक दूसरे को जान सकें, एक दूसरे की समस्याओं को समझ सकें, तथा विद्यालय को चलाने के लिए और क्या बेहतर किया जा सकता है इसके बारे में खूब चर्चा की गई। इस कार्यक्रम से आपसी प्रेमभाव को बढ़ावा मिला।



**श्रीमती ईशा जैन**
**प्रधान, एकल युवा BLSP**

एकल प्रणाम, मुझे BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन आयोजन में पहली बार संभाग प्रमुख एवं सभी कार्य कर्ताओं से मिलने का अवसर मिला। इस बैठक के माध्यम से मुझे यह जानने का अवसर मिला कि हमारे एकल के कार्यकर्त्ता कितने संगठित हैं और समर्पित भावना से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में बैठक के माध्यम से सबने अपने क्षेत्र की चुनौतियों के बारे मे जानकारी दी। सभी का उत्साह देखकर मेरा भी मनोबल बढ़ा। BLSP की पूरी टीम का बहुत आभार कि उन्होंने मुझे और युवा विभाग की टीम को इस विशाल और एकल समर्पित परिवार का हिस्सा बनने का अवसर दिया एवं शुभकामनाएँ ये कार्यक्रम आयोजित करने के लिए।।

एकल प्रणाम, आज मैं आपको अपनी समन्वय सम्मेलन के अनुभव को बताना चाहती हूँ इस सम्मेलन में शामिल होकर मुझे बहुत ही अच्छा लगा, क्योंकि वास्तविक धरातल पर जो लोग काम कर रहे हैं उनसे मिलने का हमें मौका मिला और उनको जिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है उनके बारे में हमें पता चला। एकल अभियान के जिस उद्देश्य के लिए हम जुड़े हुए हैं वह पूरा होते जब हम देखते हैं तो हमें बहुत ख़ुशी होती है | हमारे द्वारा किये गए छोटे से प्रयास से ग्रामीण एवं आदिवासी बच्चे शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम जिस तरीके से ये आयोजित किया गया मुझे इसमें सम्मिलित होकर बहुत अच्छा लगा।



**श्रीमती विधि गोयल**
**कोषाध्यक्ष**
**एकल युवा BLSP**



ग्राम संगठन और नगर संगठन के बीच समन्वय की कमियों पर चर्चा करने के लिए यह बहुत अच्छा मंच था। इससे हमारी कार्यप्रणाली में सुधार करने में मदद मिलती है ताकि हम स्कूल को अधिक कुशल और प्रभावी तरीके से चला सकें। यह इस तरह का यह मेरा पहला अनुभव था। मैंने वास्तव में जमीनी स्तर से लेकर हमारे संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में बहुत कुछ इस कार्यक्रम के माध्यम से सीखा है।

**डॉ. कीर्ति गोयल**
**डोनर रिलेशन वर्क (DRW) & सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी**

BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम की व्यवस्था बहुत अच्छी रही। बैठक का बहुत लाभ मिला। ग्राम एवं नगर के मध्य दूरी कम हुई। सभी कार्यकर्ता एकल के प्रति कितने समर्पित होकर कार्य कर रहे है यह देख कर मन भाव विभोर हो गया। मुझे व्यक्तिगत रूप से भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा सभी बंधुओं से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।



**श्रीमती कमला गुप्ता**
**प्रधान, महिला विभाग, जम्मू चैप्टर**



**श्रीमती कुंती जसरोतिया**
**अंचल प्रभारी , जम्मू**

इस कार्यक्रम का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। उन सभी कार्यो का ज्ञान हुआ जिनके बारे में जानकारी नही थी, इस बैठक के माध्यम से सभी कार्यकर्ता भाई बहनों से मिलने का मौका मिला। सामाजिक जीवन में सेवा कार्य के प्रति ऊर्जा प्राप्त हुई। एवं कार्यक्रम की सफलता का ही परिणाम है कि सभी क्षेत्रों ने यह निर्णय लिया कि यहाँ से जाने के बाद सभी अपने अपने अंचल में इस तरह की बैठक का आयोजन कर समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें सुलझाएँगे।

BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर एक अविस्मरणीय अनुभव की प्राप्ति हुई। बैठक के माध्यम से ग्राम संगठन एवं नगर संगठन समिति में बेहतर मेल हुआ। नगर और ग्राम संगठन के बीच समन्वय ही एकल को प्रगतिशील बना सकता है इसके लिए प्रवास बहुत ही आवश्यक है इस बात का एहसास इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी को हुआ। परस्पर रूप से एकल के कार्य को करने के लिए हम सभी को समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।



**श्रीमती कामिनी चोपड़ा**
**महासचिव, महिला विभाग, जम्मू चैप्टर**

# ग्राम संगठन की बहनों के - अनुभव कथन



**श्रीमती गार्गी चौहान**
**अध्यक्षा, प्रभाग 5- बरेली**

BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन "सही अर्थ में समन्वय किसी भी संगठन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये एक दिशा में प्रभावी ढंग से और कुशलता से एक साथ काम करने की क्षमता है। "इस अर्थ को पूर्ण रूप से व्यावहारिक होने का अनुभव भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित परिवार समन्वय सम्मेलन दिल्ली में जाकर हुआ। BLSP परिवार का हम पूरे प्रभाग की तरफ़ से इस आयोजन के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

एकल परिवार को मेरा एकल प्रणाम। इस समन्वय बैठक में उपस्थित होकर मुझे बहुत अच्छा लगा। मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित जो हमारी गटश: चर्चा हुई थी उसने किया। ऐसा अनुभव मुझे आज तक नहीं हुआ इस बैठक के माध्यम से हमें संभाग अध्यक्ष, अंचल समिति एवं अध्यक्ष से बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ। आगे भी इसी प्रकार की बैठक आयोजित की जानी चाहिए जिससे सभी के बीच समन्वय बना रहे और एकल का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।



**श्रीमती सारिका**
**सचिव, ब्रजमंडल संभाग**



**श्रीमती दिशा**
**सचिव**
**दक्षिण हिमाचल संभाग**

एकल प्रणाम, मुझे एकल से जुड़े हुए दो वर्ष हो गए हैं, संभाग सचिव के रूप में मै एकल का कार्य कर रही हूँ। एकल के माध्यम से मुझे राष्ट्र सेवा करने का मौका मिला। भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित परिवार समन्वय सम्मेलन में सम्मिलित होकर मुझे बहुत अच्छा लगा। इस कार्यक्रम के कारण सभी संभाग अंचल के समिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं को आपस में मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। गटश: बैठक द्वारा अपनी अपनी समस्याएँ बताईं और उन्हें कैसे सुलझाना है उस पर भी चर्चा की गई। मै भारत लोक शिक्षा परिषद् का हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगी कि उन्होंने ये कार्यक्रम आयोजित किया।

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा परिवार समन्वय सम्मेलन का कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा। यह सम्मेलन काबिले तारीफ रहा। बैठक के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिला। जो कमियां थी वो यहाँ आकर दूर हो गईं। भारत लोक शिक्षा परिषद् का मैं आभार व्यक्त करती हूँ कि इन्होंने इस कार्यक्रम का आयोजन किया।



**श्रीमती स्वर्णा वालिया**
**उपप्रधान, उत्तर हिमाचल संभाग**




**श्रीमती शारदा हरलालका**
**अध्यक्ष , ब्रजमंडल संभाग**

दिल्ली में आयोजित परिवार समन्वय सम्मेलन में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो कि बहुत ही सुन्दर रहा। इस बैठक में सभी आने वालों को काफी लाभ प्राप्त हुआ। आपस में बहुत प्रदेशों के लोगों से मिलना, उनकी संस्कृति समाज को समझना तथा आपस में उनका आदान प्रदान होना बहुत ही सुखद रहा। बैठक के माध्यम से सभी को अपनी – अपनी समस्याएँ बताने का एवं उन्हें कैसे सुलझा सकते हैं इसके बारे में भी पता चला।

BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन कार्यक्रम के बारे में जब मुझे पता चला तो मुझे लगा यह सामान्य बैठक होगी परन्तु वास्तव में एकल परिवार मिलन कार्यक्रम जिस तरह से आयोजित किया गया वह सराहनीय है। इसमें नगर समिति एवं ग्राम समिति के साथ सीधी वार्ता हो रही थी, इस कार्यक्रम की व्यवस्थाएं जैसे रजिस्ट्रेशन कांउटर, चिकित्सा, भोजन, नाश्ता सब कुछ बहुत अच्छा था, यहाँ पर नगर के लोगों ने हमारा बहुत अद्भुत तरीके से स्वागत किया और प्रेम भाव से हमें भोजन परोसा। हम भारत लोक शिक्षा परिषद् का इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए बहुत बहुत आभार प्रकट करते हैं।



**श्रीमती गोल्डी बंसल**
**अध्यक्ष**
**अंचल, उधम सिंह नगर**



**नारी शक्ति स्वरूप है, नारी प्रकृति का श्रृंगार ।**
**नारी नैसर्गिक आभूषण, बनाती सुन्दर यह संसार ।।**

**अद्भुत, अविश्वसनीय, अकल्पनीय।** व्यवस्था बहुत ही अच्छी रही, जिसमें सभी रहने की, खाने की और बैठक की बहुत ही अच्छी व्यवस्था थी, इसलिए ही तो मैंने ऊपर लिखित तीन शब्दों का प्रयोग किया। बैठक का लाभ भी हमें बहुत मिला, मैं भी काफी वर्षों से एकल अभियान से जुड़ीं हूँ लेकिन कहते है न कि सीखने की कोई सीमा नही होती, इसको जितनी बार भी कुछ सीखो कम होता है इसलिए जो भी कमियां थी उन्हें सुधारने का मौका मिला। अंततः मैं यही कहूँगी कि हमें बैठक से बहुत लाभ मिला। मैंने बैठक में भी अपने भाव व्यक्त कर दिए थे लेकिन फिर भी कहूँगी कि जब तक साँस हैं तब तक एकल अभियान के बारे में जितना भी सीखें कम है। हम आगे भी इसी तरह सीखते रहेंगे और अपने कर्तव्य का वहन करते रहेंगे। धन्यवाद



**श्रीमती उर्मिला सागर**
**कार्यालय प्रभारी**
**उत्तर हिमाचल संभाग**



**श्रीमती रेखा देवी**
**सचिव**
**भरमौर अंचल**

कार्यक्रम की व्यवस्था बहुत अच्छी थी। बैठक में आने से बहुत लाभ हुआ। यहां कई नई बातें सीखने का मौका मिला। अंचल से समिति की सचिव होने के नाते कैसे काम करना है वह सुझाव मिले जो कि पहले नहीं पता थे। जैसे कि हर संच और हर विद्यालय में प्रवास करना आदि। संच प्रमुख आचार्य सबको साथ लेकर कार्य करना। मेरा व्यक्तिगत अनुभव यह है कि एकल बहुत सारे प्रबुद्ध लोगों का संगठन हैं जो कि समाज को एक अच्छी और मैत्री पूर्ण दिशा और दशा देना चाहता है। एकल के माध्यम से अपनी सनातन संस्कृति को बचाने का और इसका प्रचार - प्रसार करने का प्रयास है समाज में जाति - पाति की खाई को मिटाकर समरसता लाने का प्रयत्न करना है। समाज में एक दूसरे का स्वागत करना, मान सम्मान देना जैसे समाज को ऊपर उठाने के कार्य करना ताकि भारत विश्व गुरु बने।

अति उत्तम व्यवस्था, सहभोज सहभागिता, नाश्ता चाय पानी का अलग - अलग खाने पीने की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी। एकल विद्यालय की व्यवस्था कैसे बेहतर हो इस पर चर्चा के माध्यम से पता चला। राष्ट्रीय एकता संगठन के नैतिक कर्तव्य पर भी बातचीत हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय पहुँचाने से लाभ हुआ है। मुझे यहाँ आकर बहुत अच्छा लगा। हमारा संगठन मजबूत रहेगा जब सनातन बचेगा हिन्दू बचेगा और राष्ट्रीय एकता बढ़ेगी।



**श्रीमती चंचला देवी**
**सचिव, सुंदर नगर अंचल**



**श्रीमती पूनम केसरी**
**कोषाध्यक्ष**
**पूर्वी उत्तर प्रदेश संभाग**

मुझे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बहुत अच्छा लगा। कार्यक्रम की व्यवस्था बहुत सुन्दर और अच्छी कर रखी थी। इस बैठक के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान मिला। हमारा उद्देश्य है कि जो हमारे हिन्दू भाई – बहन कुछ लोगो की वजह से भटक रहें हैं। हमें उस खाई को ख़त्म करना है मैं उस खाई को भाइयों-बहनों की मदद से खत्म करके रहूंगी। अपने सभी हिन्दू भाई-बहनों को इकठ्ठा करूंगी।

मैं पिछले चार वर्ष से एकल अभियान में कार्य कर रही हूँ। एकल अभियान में मैंने अनुभव किया है कि यह बच्चों का भविष्य बनाने की एक उत्कृष्ट संगठन है। एकल अभियान की प्रत्येक बैठक में मैंने भाग लिया है तथा मुझे हर बैठक में नये - नये अनुभव प्राप्त होते हैं, उनको अपने जीवन में उतार रही हूँ। पिछले चार वर्षो से एकल अभियान में कार्य करके अनुभव किया है कि देश के लिये हमें कार्य करना है जिससे हमारा देश को परम वैभव पर पहुंच सके।



**श्रीमती महिमा अरोड़ा**
**कार्यालय प्रभारी**
**ब्रजमंडल संभाग**

# कानपुर में संचालित एकल के हमारे प्यारे बच्चों द्वारा चित्रित एकल वार्षिक कलेंडर 2024-25







❖ कानपुर चैप्टर एवं महिला विभाग द्वारा एकल विद्यालयों के बच्चों के मध्य ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम 12 बच्चों की कलाकृतियों को 12 माह के कैलेंडर के रूप में उपयोग किया एवं उन बच्चों को उपहार भी दिए गए।

## एकल - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस











**21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे भारत में एकल अभियान द्वारा योग दिवस मनाया गया।** एकल अभियान के माध्यम से लखनऊ उत्तर प्रदेश में "योग साधक संगम" का भव्य आयोजन भारत लोक शिक्षा परिषद् के द्वारा आयोजित कराया गया था जहां हजारों योग साधक एकत्र हुए थे एवं इस तत्कालीन वर्ष 2024 में भी एकल आरोग्य योजना से जुड़कर इस आन लाइन प्रशिक्षण में आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एकल योग आरोग्य योजना के साथ करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), CPU-PSI फॉर ट्रेडीशनल मेडिसिन योग एवं संस्कार तथा प्रेम सुख इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट सहित देश की लगभग 80 सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्थानों से सम्बद्ध होकर योगा 2024 के इस मासिक कार्यक्रम में एक करोड़ 55 लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया इन संस्थाओं ने जुड़कर इस आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का उत्साहवर्धक सहयोग किया। इस आयोजन के संयोजन में एकल अभियान आरोग्य योजना के योग एवं हर्बल रेमेडी के प्रभारी संस्कारी योग गुरु डा.रामावतार जी की अहम् भूमिका रही तथा एकल अभियान के सह अभियान प्रमुख तथा आरोग्य योजना प्रमुख श्री दीप कुमार जी के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ इस एक माह: से चले आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह तथा एकल अभियान के संपर्क अधिकारी मा. आलोक कुमार जी व एकल अभियान के शीर्षस्थ मार्गदर्शक मा. श्याम जी गुप्त का पाथेय व मार्गदर्शन सभी को प्राप्त हुआ।



अयोध्या वनयात्रा , जम्मू चैप्टर




एकल का राष्ट्र निर्माण में योगदान कार्यक्रम, वाराणसी चैप्टर



प्रशिक्षण वर्ग एवं विद्यालय दर्शन, (मेवात)



एकल नर्सरी विद्यालय के योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए एकल भवन



होली कार्यक्रम, राष्ट्रीय महिला विभाग



गजरौला वनयात्रा, CSR महिला विभाग



योग कार्यक्रम, उत्तरी दिल्ली चैप्टर



योग दिवस, कानपुर चैप्टर

## रामपुर अंचल, दक्षिण हिमाचल प्रवास

राष्ट्रीय महिला विभाग की प्रधान श्रीमती सोनल रासीवासिया जी के नेतृत्व में 22 लोगों की टीम ने दक्षिण हिमाचल, रामपुर अंचल का प्रवास किया। सभी बहनों को कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों से मिलकर बहुत अच्छा लगा ।



## पालमपुर वनयात्रा

दक्षिणी दिल्ली चैप्टर, द्वारा पालमपुर वनयात्रा का आयोजन किया गया। वनयात्रा के माध्यम से एकल विद्यालयों के दर्शन किए गए एवं उनके परिवारों से मिलने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।



## कानपुर वनयात्रा

कानपुर चैप्टर, महिला विभाग द्वारा रनिया संच की वनयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने सिलाई सेंटर एवं एकल विद्यालय के दर्शन किये।




## सेमिनार

महिला विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 बहनों को एकल के बारे में जानकारी दी गई ।



## चक्रव्यूह कार्यक्रम

दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा आयोजित चक्रव्यूह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला विभाग ने अपना पूरा सहयोग दिया।



### एकल मातृशक्ति की स्तम्भ

हमारी प्रिय मंजू दीदी का सम्मान ---
जिसने समस्त एकल को गौरवान्वित किया




### एकल भारत मंच कार्यक्रम- एकल युवा, BLSP

एकल भारत एवं एकल युवा BLSP द्वारा एकल भारत मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं भाषण चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड BLSP श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। एकल अभियान से संबंध संगठनों के अनेकों पदाधिकारियों एवं नगर संगठनों के महानुभावों ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति दी।




### सहारनपुर चैप्टर उद्घाटन

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा सहारनपुर में नए चैप्टर का
शुभारंभ करने हेतु बैठक आयोजित




### एकल नर्सरी विद्यालय उद्घाटन

एकल नर्सरी स्कूल (यूनिट ऑफ़ रेशनल एजुकेशन सोसायटी) के नए सत्र का सनातन परम्परा के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ औपचारिक शुभारंभ



### BLSP & EGF Meet

श्री मयंक गांधी जी के ग्लोबल विकास ट्रस्ट के कार्यक्रम में आयोजित श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री) एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी (उपप्रधान) एवं ग्रामोत्थान एकल से श्री सुनील अग्रवाल जी, जोनल कोऑर्डिनेटर (मध्य भारत) EGF तथा श्रीमती नीमा जी (एकल ग्लोबल), अध्यक्षा, सम्मिलित हुए जिसमें एकल के बारे में विस्तार से चर्चा कर सभी को एकल के बारे में जानकारी दी गई



### केन्द्रीय योजना वर्ग

स्वामी साधना नन्द महाराज जी के सानिध्य में एवं भारत लोक शिक्षा परिषद रुद्रपुर चैप्टर द्वारा हरिद्वार - अखंड परमधाम आश्रम में एकल अभियान का केंद्रीय योजना वर्ग आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय केंद्रीय योजना वर्ग में समस्त देश के प्रभाग क्रमांक P-4, P-5, P-6, P-7 एवं P-9 के संभाग, प्रभाग एवं केंद्र के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे



## राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा महत्वपूर्ण कदम :-

- भारत लोक शिक्षा परिषद् की बहनों ने एक अंचल को गोद लेने का निर्णय लिया। अंचल में चलाए जाने वाले विद्यालयों की देख रेख महिला विभाग द्वारा की जाएगी और अपने सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को माँ का स्नेह और आशीर्वाद देंगी।
- महिला बहनों द्वारा एक नई पहल की जा रही है जिससे मातृ शक्ति बढ़ सके और उनके स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन के रूप में सभी बच्चों का लालन पोषण कर उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यों के लिए सजग बना सके।
- इसका उद्देश्य है - गोद लिए गए क्षेत्र के विद्यालयों और उसके कार्यकर्ताओं की समस्याओं को समझ कर उन्हें सुलझा सके

## संपादक की कलम से......



**माधुरी अग्रवाल**
उपप्रधान
राष्ट्रीय महिला विभाग

आज हम तेजी से बदलती दुनिया में आगे तो बढ़ रहे हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना है कि हमारे गाँव जिसमें भारत की आत्मा बसती है, वे सामाजिक और आर्थिक विकास में कहीं पीछे न छूट जाएँ ......

हमारे एकल के विद्यालय इन्हीं गाँवों में सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं, जिसमें बच्चों को पंचमुखी शिक्षा प्रदान कराने के लिए हमारे सभी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं और गाँवों के उत्थान के लिए सजग हो कर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण जीवन का आकर्षण, हमारी सभ्यता और संस्कृति हमारी आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध बनाती हैं।

मैं एक माँ के रूप में समझ सकती हूँ कि किन परिस्थितियों में गाँव में बच्चे विद्यालयों तक पढ़ने जाते हैं, उनके इन्ही हौसलों को देखते हुए उनके लिए और अच्छा कार्य करने की इच्छा प्रबल होती है, जिससे उनकी शिक्षा में किसी तरह की अड़चन न आए।

हृदय से सभी बच्चो को बहुत आशीर्वाद एवं हम सभी बहनों की तरफ से प्यार....

आपकी अपनी माधुरी,,,,

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 26,000/- वार्षिक |
| तीस एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 7,80,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 26,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 26,000,000/- वार्षिक |

भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है।

DONATE NOW

### एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India, Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

**Only for CSR:**
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO. 467902010123677
Union Bank Of India, Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं,जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

For More Info.

प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
मुख्य संपादक – श्रीमती माधुरी अग्रवाल (उपप्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)
सेन्ट्रल ऑफिस : NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443
ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org